एक नजर इधर भी

एमबीबीएस इंटनर्स के आंदोलन के कारण शहर में यातायात अव्यवस्थित हो गया और सड़कों पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही ।...

आयुष्मान योजना में अनियमितताओं पर भोपाल के दो अस्पतालों पर कार्रवाई

सिद्धांता रेडक्रॉस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और सृष्टि हॉस्पिटल निलंबित, भुगतान भी रोका गया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत अनियमितताओं के मामलों में राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, मध्यप्रदेश ने भोपाल के दो अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदनों के आधार पर दोनों अस्पतालों को योजना से निलंबित करते हुए स्टॉप पेमेंट की कार्रवाई की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल से प्राप्त रिपोर्ट और उपलब्ध अभिलेखों की जांच के बाद सिद्धांता रेडक्रॉस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपाल तथा सृष्टि हॉस्पिटल, भोपाल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि सिद्धांता रेडक्रॉस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संबंध में अस्पताल के पंजीयन और अनुज्ञप्ति निरस्तीकरण को लेकर प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। अस्पताल के विरुद्ध पहले मिली शिकायतों और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार सृष्टि हॉस्पिटल के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर अस्पताल को आयुष्मान भारत निरामयम् योजना से निलंबित किया गया है और भुगतान रोकने की कार्रवाई भी की गई है।

अरविंद शाह ने कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता और प्रावधानों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध उपचार उपलब्ध कराना राज्य स्वास्थ्य एजेंसी की प्राथमिकता है। शिकायतों और जांच प्रतिवेदनों के आधार पर आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

भाजपा की भोपाल जिला कार्यसमिति घोषित, 90 नेताओं को मिली जिम्मेदारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय जनता पार्टी की भोपाल जिला कार्यसमिति की घोषणा रविवार देर रात की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती ने जिला कार्यकारिणी सदस्यों, स्थायी आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की। जिला कार्यकारिणी में कुल 90 कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। इनमें मनोज राठौर, मनोज राजू अनेजा, राजेश खटीक, महेश जोशी, दिनेश पांडे, अनुषा सिंह रघुवंशी, पूजा भारद्वाज, विकास शर्मा बंटी, सुमत कुमार जैन और सुनील व्यास सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। संगठन ने 23 नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया है। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, रघुनंदन शर्मा, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा,

भगवान दास सबनानी, ध्रुवनारायण सिंह, महापौर मालती राय, राहुल कोठारी और सुमित पचौरी शामिल हैं। इसके अलावा 21 कार्यकर्ताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इनमें कृष्णमोहन सोनी, हीरेन्द्र बहादुर सिंह हीरू, अनिल अग्रवाल लिली, नेहा बग्गा, भक्ति शर्मा, सतीश विश्वकर्मा और संदीप बाथम प्रमुख हैं। जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य कर बूथ से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। शेष कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा भी शीघ्र किए जाने की जानकारी दी गई है।

मां के नाम लगाए गए पौधे

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 11 पौधों का रोपण, अधिकारियों और कर्मचारियों ने निभाई सहभागिता

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री दादा गुरु भगवान जी के आशीर्वाद और गुरु वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, मप्र शासन की उप संचालक मधु चौधरी उपस्थित रहीं। संग्रहालय के निदेशक प्रो. पांडे ने कहा कि प्रकृति और मां जीवन के आधार एवं पोषणकर्ता हैं। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन और हरियाली बढ़ाने के साथ मातृत्व के प्रति कृतज्ञता तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है। प्रो. डॉ. अमिताभ पांडे ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती विभूति पांडे की स्मृति में पौधा लगाया। जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने श्रीमती सुशीला परिहार के नाम से पौधारोपण किया। उद्यानिकी अधिकारी धीर सिंह, सहायक कीपर श्रीकांत, राजेंद्र झरिया, एन. सकमचा सिंह, पुस्तकालय अधिकारी डॉ. मोहम्मद रेहान, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. शंकर राव और मुख्य कलाकार ललित बागुल ने भी अपनी माताओं के नाम पौधे रोपे।

श्री परिहार ने बताया कि परिसर में नीम, आंवला, पीपल, सिरस और जामुन सहित कुल 11 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण के संयोजक धीर सिंह रहे। डॉ. प्रिया भावे चित्तावार ने नर्मदा मिशन के तहत 108 दिनों तक प्रतिदिन 11 पौधे लगाने के संकल्प की जानकारी दी। कार्यक्रम में अमित चौरसिया, सौरभ श्रीवास्तव, अमन वर्मा और सलोनी पाराशर ने भी सहभागिता की।

नमन दुबे बने परशुराम सेना विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सौंपी गई नई जिम्मेदारी, अनुप शुक्ला पुनः प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः श्री परशुराम सेना, मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में अधिवक्ता नमन दुबे को विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह घोषणा श्री परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया ने की। नमन दुबे पूर्व में श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर के विधि प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके मनोनयन पर अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी विधिक दक्षता, ऊर्जा और समर्पण के माध्यम से समाजहित में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। बैठक में इंदौर के पंडित अनुप शुक्ला को सर्वसम्मति से पुनः श्री परशुराम सेना, मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें भी शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ की ओर से महासचिव उमेश द्विवेदी और श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर की ओर से मंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी ने समाज का प्रतिनिधित्व किया।

डॉ. जवाहर कर्णावट नार्वे में सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नार्वे की राजधानी ओस्लो में भारतीय-नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम के कार्यक्रम में भोपाल के लेखक एवं वक्ता डॉ. जवाहर कर्णावट को स्पाइन भाषा एवं संस्कृति सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान पूर्व मेयर एवं वरिष्ठ लेखक-राजनीतिज्ञ थूरस्ताइन विंगेर तथा फोरम अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला ने दिया। कार्यक्रम में नार्वेजियन लेखिका इंगेर मारिये, नूरी रोयसेग सहित हिंदी, उर्दू और अन्य भाषाओं के रचनाकारों ने रचना पाठ किया। इससे पहले डॉ. कर्णावट ने फ्रैंकफर्ट में अंतरराष्ट्रीय भाषा सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्टॉकहोम में भारतीय राजदूत अनुराग भूषण से मुलाकात कर उन्हें भोपाल में होने वाले विश्व रंग आयोजन के लिए आमंत्रित भी किया।

राजीनामे के बहाने बुलाकर युवक पर तलवार से हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः तलैया थाना क्षेत्र में पुराने विवाद का बदला लेने के लिए एक युवक पर तलवार से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार रिजवान कुरैशी ने विवाद खत्म करने और राजीनामा करने के बहाने हारून खान को मिलने के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान उसने कथित रूप से पीछे से हारून के सिर पर तलवार से वार कर दिया। हमले में हारून गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके हाथ की उंगलियां भी कट गईं। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक हारून खान और रिजवान कुरैशी एक ही क्षेत्र के निवासी हैं। दो दिन पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें हारून ने रिजवान को चांटा मार दिया था। इसके बाद दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर तलैया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने रिजवान कुरैशी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

संस्कार विद्यालय में सनातन धर्म और वेदों के महत्व पर व्याख्यान

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संस्कार विद्यालय में हिमाचल प्रदेश से आए आचार्य आर्य नरेंद्र जी के आतिथ्य में सनातन धर्म पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था सचिव बसंत चेलानी, मोहन जी, गौरक्ष प्रमुख शास्त्री जी, राजू वर्मा और अशोक हिमथानी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आचार्य नरेंद्र जी ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की नींव हैं। चरित्रवान और गुणवान पीढ़ी ही भारत को पुनः 'सोने की चिड़िया' बना सकती है। उन्होंने वेदों को सनातन धर्म का मूल ग्रंथ बताते हुए कहा, 'बच्चों को हमेशा वेद पढ़ने चाहिए ताकि हम अपनी संस्कृति और वैदिक नियमों को जान सकें।' उन्होंने छात्रों को ध्यान करने, मानवता अपनाने, वेद ज्ञान अर्जित करने और राष्ट्रहित में तत्पर रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान प्राचार्य आर. के. मिश्रा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सुंदरकांड और पारिवारिक पिकनिक में जुटा अग्रवाल समाज

भोपाल। समग्र अग्रवाल समाज भोपाल द्वारा केरवा ईको पर्यटन क्षेत्र में सुंदरकांड पाठ एवं पारिवारिक पिकनिक का आयोजन किया गया। भक्ति, मनोरंजन और पारिवारिक सौहार्द से जुड़े इस आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में परिवार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ और महाआरती से हुई। इसके बाद हाउजी, चेयर रेस, कपल चेयर रेस और मटकी फोड़ सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों, युवाओं और वरिष्ठजनों ने उत्साह के साथ इनमें भाग लिया। भुट्टा पार्टी और मक्के से बने विभिन्न व्यंजनों का भी समाजजनों ने आनंद लिया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य रजनीश अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने समाज की एकजुटता और रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की। अग्रवाल समाज की एक संयुक्त शोभायात्रा आयोजित करने का सुझाव भी दिया। मुख्य संयोजक सुनील गर्ग ने मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की अपील की।

भोपाल में 49 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्र भेजा

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर में आवारा श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम के डॉग स्क्वॉड ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 49 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर डॉग स्क्वॉड की टीमों ने विभिन्न जोन क्षेत्रों में कार्रवाई की। पकड़े गए श्वानों को नसबंदी एवं एंटी रैबीज टीकाकरण की प्रक्रिया के लिए एबीसी केंद्रों तक पहुंचाया गया।

निगम द्वारा नसबंदी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 33 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा गया, जहां से उन्हें पकड़ा गया था।

सुख सागर उदासीन आश्रम के 34वें वार्षिक महोत्सव का समापन

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सुख सागर उदासीन आश्रम में गद्दीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के सानिध्य में सात दिवसीय वर्सी महोत्सव संपन्न हुआ, जिसमें सतगुरु स्वामी बाबा गोविंददास उदासीन का वर्सी महोत्सव, तीजड़ी पर्व तथा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का मनाया गया। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम भजन-कीर्तन के भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। महंत बाबा रामदास उदासीन ने श्रद्धालुओं को गुरु ग्रंथ साहिब, श्रीमद्भागवत कथा और श्रीमद्भगवद्गीता के विचार समझाए। आयोजन में आश्रम की गुरु माता राधा देवी, संतोष उदासीन, नानक उदासीन तथा बाबा गोविंद दास सेवा समिति के प्रमुख सदस्य नारायण दास सभनानी, तुलसी सदारंगानी, माधु चांदवानी, लीलाराम लेखवानी, लालचंद जसवानी सहित सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव की शोभायात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भोपाल में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर कलचुरी भवन, चार इमली में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें कलचुरी कलार समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने तैयारियों को लेकर अपने सुझाव दिए। शोभायात्रा के संयोजक डॉ. एल.एन. मालवीय ने सभी संगठनों और मध्यप्रदेश के सभी जिलों के कलचुरी कलार समाज के सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित किया। उन्होंने सभी संगठनों से भगवान सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होकर कलचुरी एकता, संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित करने की अपील की।

सुशील केड़िया की स्मृति में सेवा सदन द्वारा नेत्र शिविर

71 रोगियों की जांच तथा 10 मरीजों के हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से समाज सेवी सुमित केड़िया ने रविवार को राजधानी के नीलबड़ में स्थित सेवा सदन आंख जांच केंद्र पर निर्धन नेत्र रोगियों के लिये एक निःषुल्क नेत्र रोग निदान और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगवाया। श्री केड़िया द्वारा प्रतिवर्ष अपनी स्व. माता सुमित्रा केड़िया व पिता स्व. श्री सुषील केड़िया की पुण्य स्मृति में यह शिविर लगवाया जाता है। इस नेत्र शिविर का शुभारंभ परिवार के सदस्यों एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी ने परंपरागत तरीके से किया। इस अवसर पर सुमित केड़िया, श्रीमती पीयूषि केड़िया, डॉ एस.के जोशी, राजेश अग्रवाल सहित केड़िया परिवार व सेवा सदन की टीम उपस्थित थी। शिविर में 71 मरीजों की आंखों की जांच की गई। उनमें 38 पुरूष एवं 33 महिलाएं शामिल थी। जांच के दौरान 10 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिन्हें सेवा सदन की एंबुलेस के माध्यम से ऑपरेशन में भर्ती कराया गया, सोमवार को इन मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। जिन लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत नहीं मिली, उन्हें निःशुल्क आंखों के ड्रॉप्स चष्में प्रदान किये गये। शिविर में उपस्थित सभी रोगियों के ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच भी की गई।

कार्यालय हिन्दुस्तान हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल
(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./298, दिनांक 17.08.1982)
क्रमांक/एजीएम/2026/क्यू
दिनांक 07.09.2026
वार्षिक साधारण सभा की सूचना
हिन्दुस्तान हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27.09.2026, दिन रविवार को स्थान 46, सिविल लाईन्स, श्यामला हिल्स, भोपाल पर समय दोपहर 12:00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से डाक द्वारा प्रेषित की जा चुकी है जिस किसी सदस्यों को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो वे इसे ही सूचना पत्र मान्य कर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।
(शाहीन खान)
अध्यक्ष
हिन्दुस्तान हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल
1522

कार्यालय नैनागिरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./407, दिनांक 30.05.1984)
पता-नैनागिरी सामुदायिक भवन, जे.के. रोड, नरेलाशंकरी, भोपाल (म.प्र.) पिन-462022
क्रमांक/एजीएम/2026/क्यू
दिनांक 05.09.2026
वार्षिक साधारण सभा की सूचना
नैनागिरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 20.09.2026, दिन रविवार को स्थान-नैनागिरी सामुदायिक भवन, जे.के. रोड, नरेलाशंकरी, भोपाल पर समय प्रातः 10:30 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है।
(जे. एल. शुक्ला)
अध्यक्ष
नैनागिरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
1523

कार्यालय प्रशासक सान्या गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल
(पंजीयन क्रमांक /DRB676 / दिनांक 16.10.1995)
दिनांक 17.07.2026
सूचना
सभी को सूचित किया जाता है की कार्यालय उप पंजीयक सहाकरी संस्थाएं जिला भोपाल के आदेश क्रमांक/ विधि/2026/2170 दिनांक 24.11.2025 से मुझे सान्या गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल का प्रशासक नियुक्त किया गया है। संस्था के निर्वाचन कराए जाने हेतु निर्वाचन प्रस्ताव, म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को प्रेषित किया जाना है। निर्वाचन प्रस्ताव में सदस्यता सूचि में सदस्यों के आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस एवं मोबाईल नम्बर अंकित किये जाने है। अतः समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि अपना आधार कार्ड/पेन कार्ड / ड्राईविंग लाइसेंस एवं मोबाईल नम्बर संस्था कार्यालय में संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री अतुल गुप्ता अथवा श्री मुकेश गुप्ता को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
(ईशा सराफ)
उप अंकेक्षक एवं प्रशासक
सान्या गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल
1524

कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 04 बावडिया कलां, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.
क्रं.1/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 07/09/26
सूचना-पत्र
प्रति, 1-श्री संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल, सुश्री इन्दू त्रिपाठी असिस्टेंट डायरेक्टर टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग भोपाल 2-प्रशासक रोहित गृह निर्माण सहकारी समिति कार्या0 उपायुक्त सहकारिता डी0 ब्लाक पुराना सचिवालय भोपाल 3-मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल 4-श्रीमती सरोज प्रसाद पत्नि स्व. श्री भागीरथ प्रसाद निवासी 503 रेलवे कोच फैक्टरी कॉलोनी निशातपुरा भोपाल 5-श्रीमती अंशु भटनागर द्वारा अधिवक्ता श्री अनुपम शुक्ला निवासी भोपाल 6-श्रीमती शशि सिंह द्वारा अधिवक्ता श्री अनुपम शुक्ला निवासी भोपाल 7-श्रीमती आशा यादव द्वारा अधिवक्ता श्री अनुपम शुक्ला निवासी भोपाल 8-श्रीमती शारदा शर्मा द्वारा अधिवक्ता श्री अनुपम शुक्ला निवासी भोपाल 9-श्री अशोक कुमार निकम द्वारा अधिवक्ता श्री अनुपम शुक्ला निवासी भोपाल 10-सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार **विषयः**- सीमांकन बाबत् सूचना पत्र। विषयान्तर्गत लेख है कि आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय-हेमलता अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, भोपाल जिला-भोपाल म.प्र. के रिट आफ़ कमीशन पत्र क्रं.न्या.मजि.प्र.श्रेणी/ 2026 भोपाल दिनांक 10.08.2026 एवं तहसीलदार महोदय के अदेशानुसार द्वारा मुझे ग्राम बावडिया कलां प. ह.नं.18 रा.नि.वृत्त-04 बावडिया कलां तहसील कोलार जिला भोपाल के खसरा क्रमांक 161/3/1 व 161/3/2क, 161/3/2ख, 161/3/2ग भूमि का सीमांकन हेतु आदेशित किया गया है। श्रीमान के उक्त रिट आफ़ कमीशन आदेश के पालन में उपरोक्त खसरा नंबरो की सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 15/09/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थल पर किया जायेगा। माननीय न्यायालय का पत्र संलग्न है। अतः आप लोग उक्त खसरा नम्बरो के संबंध में समस्त दस्तावेज एवं संयुक्त संचालक ग्राम निवेश की और से उपस्थित प्रतिनिध भी उक्त खसरा नम्बरो के (रोहित गृह निर्माण के स्वीकृत) अभिन्यास के साथ मौके पर उपस्थित होने का कष्ट करें। आज दिनांक 07/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)
1525

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
नोटिस प्रकाशन हेतु
उत्तराधिकार
एमजेसी एसयूसी/108/2026
श्रीमती सपना सैकिया बनाम मिनाली सैकिया
NEXT DATE :08-10-2026
प्रेषिती-सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सपना सैकिया पता म नं बी 13 ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी जे के रोड भोपाल एम पी ने मृतक दीपक सैकिया की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08-10-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08-10-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
श्रीमती मेघा अग्रवाल,न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड भोपाल (म.प्र.)
1526

कार्यालय कार्यपालन यंत्री गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल
श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002
ई-मेलः eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक 0755-2661511
क्रमांक:16 /तक/का.यं/लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड/भोपाल 2026-27 **दिनांक : 07.09.2026**
निविदा आमंत्रण सूचना
ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से फार्म 'सी' पर 'Sodium Hypochlorite Solution USP' के कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.09.2026 से दिनांक 21.09.2026 को 16:00 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 21.09.2026 को 16:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 22.09.2026 को 16:00 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2026_PHED_534161_1, PHED Date 07.09.2026)

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यावधि
1	"Sodium Hypochlorite Solution USP"	-	रु. 25000.00 (रु. पच्चीस हजार मात्र)	रू. 2000.00 (रू. दो हजार मात्र)	

विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।
मुख्य तिथियाँ
क्रय करने की तिथि : 07.09.2026 से
: 21.09.2026 16:00 बजे तक
जमा करने की अंतिम तिथि : 21.09.2026 16:00 बजे तक
बोली पूर्व बैठक तिथि : 11.09.2026 16:00 बजे
लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि : 22.09.2026 16:00 बजे तक
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड, भोपाल
जी-18281/26